# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर







https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 26, अंक : 9
- माह : मार्च 2024


## MARCH 2024

http://www.mpcci.in
e अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

**पुलिस ने अपनी कार्यवाही करके शासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया, इसके लिए पुलिस बधाई की पात्र है : श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन**

**सोना-चाँदी व्यवसाई, श्री राहुल गोयल के मुनीम के साथ थाना-बागचीनी में हुई लूट के अपराधियों को गिरफ्तार कर, माल बरामदगी में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुरैना पुलिस अधीक्षक-श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-डॉ. अरविन्द ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का MPCCI के नेतृत्व में व्यवसाईयों ने किया सम्मान**



ग्वालियर के सोना-चाँदी व्यवसाई, श्री राहुल गोयल के मुनीम के साथ 31 जनवरी,24 को थाना-बागचीनी, जिला-मुरैना में हुई लूट की घटना के दोषी अपराधियों को मुरैना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर, माल की बरामदगी किए जाने के उपलक्ष्य में व्यवसाईयों द्वारा दिनांक 12 मार्च को म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के नेतृत्व में अग्रवाल सेवा सदन में मुरैना-पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहाकि मुरैना पुलिस ने उल्लेखनीय कार्यवाही करके राज्य शासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया है, इसके लिए पुलिस प्रशासन निश्चित ही बधाई का पात्र है। आपने कहाकि म. प्र. शासन की चिंता हमेशा व्यवसाईयों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की है। साथ ही, सरकार इसके लिए कटिबद्ध है कि जो भी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए थे, वह उठाए भी गए। सरकार अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने से कभी नहीं चूकेगी। आपने कहाकि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं, व्यापारियों के काम आ पाता हूँ और व्यापारी मेरे ऊपर भरोसा करते हैं। आपने इस अवसर पर व्यापारियों को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि उन्होंने बंद जैसे निर्णय को मेरे आग्रह पर टाला । उसका फल भी अच्छा आया और मैं, आप लोगों के विश्वास पर खरा उतर पाया।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहाकि निश्चित रूप से हमने दि. 02 फरवरी से लूट की घटनाओं के विरुद्ध जो आंदोलन प्रारम्भ किया और इस पर लगातार बैठकों का आयोजन कर, हमारे द्वारा अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने का अल्टीमेटम दिया जा रहा था तथा विभिन्न बाजारों में धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। यह सिर्फ़ इसलिए किया जा रहा था कि पुलिस प्रशासन हमें, अपनी प्राथमिकता में रखे और उस प्राथमिकता की वजह से हमें यह अच्छा परिणाम मिला है। इसके लिए आज हम यहाँ पर पूरी पुलिस टीम का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही आपने इस अवसर कहाकि चेम्बर ऑफ कॉमर्स की माँग कभी समाप्त नहीं होती है। चेम्बर का काम अनवरत चलता रहता है। आपने कहाकि पुलिस और चेम्बर के बीच में सदैव सेतु का कार्य करेंगे और यही चेम्बर ऑफ कॉमर्स का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर मुरैना पुलिस अधीक्षक–श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहाकि हमने शुरू से ही इस घटना को एक चैलेंज के रूप में लिया था, परन्तु इस घटना के दोषी अपराधी अत्यन्त ही शातिर किस्म का था, हमें मिल नहीं रहा था। हमारे जवानों की टीम ने मशरूका की बरामदगी हेतु अपराधियों के खेतों में सरसों की फसल भी काटी और खेत भी जोता, तब जाकर अंत में कुछ खेत में तथा कुछ अपराधी के घर के गटर में माल मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में समय अवश्य लगा, परन्तु हमें खुशी इस बात की है कि हम पूरी रिकबरी कर पाए और व्यापारियों का विश्वास अपने ऊपर कायम रख पाए। आपने कहाकि पुलिस सतत् व्यापारियों की और आमजनता की सेवा के लिए तत्पर है और इसमें हम कभी–भी कोई कमी नहीं आने देंगे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि व्यवसाईयों को भरोसा था कि पुलिस आरोपियों तक अवश्य ही पहुँचेगी, परन्तु माल की बरामदगी को लेकर व्यापारी चिंतित थे क्योंकि विलम्ब काफी हो रहा था। मुरैना पुलिस द्वारा जो सफलता प्राप्त की गई है, वह अत्यन्त ही प्रशंसनीय है। आपने कहाकि इस घटना का पटाक्षेप होने से पुलिस के प्रति व्यवसाईयों का विश्वास सुरक्षा को लेकर और भी अधिक बढ़ेगा।

कार्यक्रम के अंत में आभार, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

## सम्मानित पुलिस टीम :

पुलिस अधीक्षक–श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–डॉ. अरविन्द ठाकुर, टीआई, दिमनी–श्री उदयभान सिंह यादव, टीआई, नूराबाद–श्री रामबाबू यादव, टीआई, सराय छोला–भूमिका दुबे, प्रभारी सायबर सेल–उपनिरीक्षक, श्री अभिषेक जादौन, टीआई–बागचीनी, राजकुमारी परमार, टीआई–रिठौरा, श्री जितेन्द्र दौहरे, एस.ओ.–नगरा, श्री रामकुमार गौतम, प्रधान आरक्षक, सायबेर सेल–श्री सुदेश कुमार, आरक्षक–सायबेर सेल, श्री शैलेन्द्र सिंह जाट, आरक्षक–सायबेर सेल, श्री राहुल सिंह राजावत, प्रधान आरक्षक–सायबेर सेल, श्री मनोज सिंह यादव, प्रधान आरक्षक–पुलिस थाना जौरा, श्री कुलदीप दोहरे, आरक्षक–सायबेर सेल, सर्वश्री रामकिशन सिंह जादौन, कुलदीप सिंह भदौरिया, प्रशांत शर्मा, राहुल कुंतल, प्रधान आरक्षक–पुलिस थाना जौरा, श्री उदयवीर, प्रधान आरक्षक–पुलिस थाना बागचीनी, सर्वश्री सिरदीप, अवनीश यादव, यशपाल चौहान, मनोज पिप्पल, आरक्षक–सर्वश्री गुड्डू गुर्जर, विनेश, रोहताश शर्मा, आरक्षक–थाना दिमनी, श्री गोपाल चौहान सहित आरक्षक–थाना नूराबाद, सर्वश्री अवकाश, शक्ति सिंह एवं भूपेंद्र गुर्जर का सम्मान, फूल–माला, शॉल–श्रीफल सहित सम्मान–स्मृति सौंपकर किया गया।

कार्यक्रम में पीड़ित व्यवसाई–श्री राहुल गोयल एवं श्री प्रहलाद गोयल अपने पूरे परिवार सहित उपस्थित थे। साथ ही पूरे परिवार के चेहरे पर अत्यन्त ही प्रसन्नता के भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे थे। यह देखकर सभी व्यवसाईयों को सुकून की अनुभूति हो रही थी।

इस अवसर पर चेम्बर के पूर्व उपाध्यक्ष व ग्रेटर ग्वालियर सोना–चाँदी व्यवसाई संघ के अध्यक्ष–श्री पारस जैन, उपनगर ग्वालियर सोना–चाँदी व्यवसाई संघ के अध्यक्ष–श्री जवाहर जैन, सचिव–श्री अभिषेक गोयल (सत्री), मुरार सर्राफ एवं स्वर्णकार समिति के अध्यक्ष–श्री संजय मंगल एवं सर्राफ एवं स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष–श्री हरिओम गांगिल व श्री मनोज गोयल, सोना–चाँदी व्यवसाई संघ लश्कर के अध्यक्ष–श्री पुरुषोत्तम जैन सहित चेम्बर कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री महेन्द्र साहू, आशीष जैन, आशीष अग्रवाल, रोशन गाबरा, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, भरत बंसल, नन्दकिशोर गोयल, लक्ष्मीनारायण गर्ग, अंकुर अग्रवाल, कृष्णबिहारी गोयल सहित सर्वश्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रभूदयाल गुप्ता, रमेशचन्द्र खण्डेलवाल, कुंजम बत्रा, दीपक शुक्ला, मनोज बंसल, राहुल शर्मा, श्री हरिओम गांगिल आदि उपस्थित थे।

# परंपरागत व्यवसाय को ई-कॉमर्स पर लाकर व्यवसायी अपने कारोबार को नई ऊंचाईयां प्रदान करें

## Digital Commerce & Export Promotion पर 'चेम्बर भवन' में सेमिनार आयोजित




जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्वालियर एवं म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सहयोग से डिजिटल कॉमर्स एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन पर सेमीनार का आयोजन दिनांक 06 मार्च,24 'चेम्बर भवन' में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सेमीनार की थीम के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री के. एस. सोलंकी द्वारा जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों के परंपरागत व्यापार को अपनाने में हिचकिचाहट महसूस करते हुए शासकीय एवं मल्टी नेशनल कम्पनियों में जॉब करने को प्राथमिकता दे रही हैं। व्यापार की कठिनाईयों व ऑनलाइन व्यापार के प्रभाव के कारण परंपरागत व्यवसाय कम होता जा रहा है। आज का यह सेमीनार इसलिए आयोजित किया गया है, ताकि हम भी अपने व्यापार को ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करके इसे बढ़ा सकें। आज के इस सेमीनार से हम सभी लाभांवित होंगे, ऐसी मैं आशा करता हूँ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहाकि सदस्यों की मांग पर ई-कॉमर्स पर यह सेमीनार आयोजित किया गया है। आज का यह सेमीनार अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफ ल होगा, ऐसा मुझे विश्वास है।

सेमिनार विशेषज्ञ के रूप में ONDC (Open Network for Digital Commerce) नई दिल्ली से पधारीं सुश्री अदिति सिंघा ने कहा कि ओएनडीसी भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के तहत कार्य करता है। हमारा प्रमुख कार्य अनडिजिटलाइज्ड कारोबार को डिजिटलाइज्ड कारोबार की ओर बढ़ाना है। आपने बताया कि हमारे युवा आज जॉब की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं, जॉब का अर्थ होता है, ज्वॉइन अदर बिजनिस जबकि हम चाहते हैं कि हमारी पीढ़ी यॉर ऑन बिजनिस, यानि यॉब की ओर आकर्षित हो क्योंकि इससे आप दूसरे लोगों को भी रोजगार दे पाएंगे। आपने बताया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के माध्यम से यदि आप ऑनलाइन व्यापार में जाते हैं, तब यह कंपनियाँ आपसे 35 प्रतिशत तक कमीशन लेती हैं। भारत सरकार चाहती है कि इनकी यह मोनोपॉली खत्म हो और व्यापारियों को इतना कमीशन नहीं देना पड़े। ओएनडीसी प्लेटफार्म एक तरह से यूपीआई माध्यम है, जिसमें आप सिंगल डिजिट में कमीशन देकर अपना उत्पाद को ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से विक्रय कर ई-कॉमर्स से जुड़ सकते हैं। आपने ओएनडीसी के उद्देश्य एवं इसमें रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को विस्तार से प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया।

कार्यक्रम में वॉलमार्ट वृद्धि भोपाल से पधारे, श्री विकास त्यागी द्वारा व्यवसायियों को फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर ऑनबॉर्डिंग करने, निर्यात अवसरों की ऑनलाईन प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी तथा बताया कि वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई को इन प्लेटफार्म का उपयोग करने के लिए पूरी सहायता करता है, ताकि आप सभी ऑनलाईन प्लेटफार्म का उपयोग कर, अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें।

वहीं सेमीनार में उप अधीक्षक- भारतीय डाक विभाग ग्वालियर डिवीजन के श्री ओ. पी. चतुर्वेदी द्वारा डाकघर के माध्यम से एक्सपोर्ट कैसे किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थिति कारोबारियों/उद्योगपतियों द्वारा अपनी जिज्ञासाओं संबंधी प्रश्न किए गए, जिनका समाधान वक्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि वक्ताओं को पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं काफी संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

# सोलर वेंडर्स डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित




MSME द्वारा म. प्र. विद्युत वितरण कं. की इकाई गैर पारंपरिक ऊर्जा (सौर ऊर्जा) विभाग के साथ वेंडर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 31 मार्च, 24 को 'चेम्बर भवन' में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गैर पारंपरिक ऊर्जा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक, श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि, सहायक अभियंता–श्री शंकर अग्रवाल थे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहाकि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि देश सौर ऊर्जा की ओर अग्रसर हो। 31 मार्च चूंकि वित्तीय वर्ष का अंतिम दिवस होने से व्यापारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, इसके बावजूद चेम्बर ने यह कार्यक्रम आयोजित किया है क्योंकि यह विषय राष्ट्रहित में है। सोलर एनर्जी प्रकाश एवं ऊर्जा के रूप में तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही, व्यापारियों के लिए भी यह एक उभरता हुआ महत्वपूर्ण व्यापारिक क्षेत्र है। जब सोलर वेंडर्स जागरूक होंगे तभी सौर उपभोक्ता भी जागरूक होगा। वेंडर्स को एलआईसी एजेंट की तरह कार्य करना चाहिए एवं उपभोक्ता के हित में उसके साथ खड़े रहना होगा, तभी आपकी विश्वसनीयता सिद्ध होगी।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहाकि चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने जन मानस को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के लिए सौर ऊर्जा मिशन एक आंदोलन के रूप में आरम्भ किया है, जिसके अंतर्गत चेम्बर ने अपने स्थापना दिवस समारोह में सौर ऊर्जा जागरूकता कार्यक्रम एवं सोलर फ्रेयर का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में अप्रत्याशित सफलता भी मिली। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गैर पारंपरिक ऊर्जा विभाग के साथ सोलर वेंडर्स की बैठक आयोजित कर, उनको आने वाली समस्याओं का लगातार निराकरण भी किया जा रहा है और आगे भी निरन्तर यह क्रम जारी रहेगा।

गैर पारंपरिक ऊर्जा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक, श्री सौरभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहाकि केन्द्र सरकार ने सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाएँ शुरू की हैं, जिसमें पी. एम. सूर्य घर योजना में प्रारम्भ में 75 हजार 61 घरों को सूर्य घर बनाने की योजना है, जो वेंडर्स जितना शीघ्र स्टार्टअप करेंगे, उन्हें उतना ही अधिक लाभ प्राप्त होगा। हम ऑयल इंपोर्ट बिल को तभी कम कर सकते हैं, जब हम फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करें, इसके लिए हमें सोलर एनर्जी को अपनाना होगा, जो हमारे लिए इको फ्रेंडली भी है। सोलर वेंडर्स एक एसोसिएशन बनाएँ और सोलर एनर्जी की पब्लिसिटी करें। उन्होंने बताया पी. एम. सूर्य घर योजना में एक एप है, इसे कोई भी वालेंटियर डाउनलोड कर, घरेलू कनेक्शन करवा सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में आभार, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

# मार्च 2024 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- केन्द्रीय रेलमंत्री, भारत सरकार–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, पुरी–आनन्द विहार टर्मिनस–पुरी (होली स्पेशल) का स्टॉप ग्वालियर स्टेशन पर किए जाने की माँग की गई।
- अध्यक्ष, जिला मूल्यांकन समिति, ग्वालियर एवं वरिष्ठ जिला पंजीयक, पंजीयन कार्यालय, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, प्रस्तावित मार्गदर्शिका वर्ष 2024–25 पर सुझाव एवं विसंगतिपूर्ण बिंदुओं पर आपत्ति व्यक्त की गई।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं राज्य निर्वाचन अधिकारी, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, आचार संहिता के दौरान नगद राशि की लिमिट रु. दो लाख किए जाने की माँग की गई।
- ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रबंध संचालक, मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कं. लि. को पत्र प्रेषित कर, विद्युत वितरण कं. द्वारा की जा रही चैकिंग में बरती जा रही लापरवाहियों से उपभोक्ता को हो रही आर्थिक एवं मानसिक परेशानी के संबंध में अवगत कराया गया।
- मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक एवं एमडी व सीईओ, यूपीआई को पत्र प्रेषित कर, क्रेडिट कार्ड लिंक्ड यूपीआई भुगतान पर बैंकों द्वारा व्यापारियों से अस्पष्ट एवं अनुचित शुल्क वसूली को रोके जाने की माँग की गई।
- ग्वालियर अंचल के सभी जिलों के कलेक्टर एवं एस. पी. को पत्र प्रेषित कर, आचार संहिता के दौरान व्यापारी एवं उद्योगपतियों के साथ नकदी एवं सर्राफा कारोबारियों के साथ ज्वेलरी के आवागमन में चेकिंग में प्रमाण होने पर जब्त नहीं किए जाने के निर्देश जारी करने की माँग की गई।

### आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2024–25 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल, 2024 से देय हो गया है।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून, 24 तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् रु. 50/– अधिभार की राशि देय होगी।

- पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
- प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
- साधारण सदस्य : रु. 750.00

### 1 अप्रैल, 24 से 30 सितम्बर, 24 तक के लिए घोषित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें

श्रमायुक्त, इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 67 अनुसूचित नियोजन में मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें, जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है, जो निम्नानुसार दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से लागू हैं:–

| श्रमिकों का वर्ग | कुल वेतन (रु. प्रतिमाह) | कुल वेतन (रु. प्रतिदिन) |
|---|---|---|
| अकुशल | 11800.00 | 454.00 |
| अर्द्धकुशल | 12796.00 | 492.00 |
| कुशल | 14519.00 | 558.00 |
| उच्च कुशल | 16144.00 | 621.00 |

## लोकसभा निर्वाचन–2024 में 'मतदान' हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला–ग्वालियर द्वारा जारी आदेश

''लोकसभा निर्वाचन–2024'' में 'मतदान' के अधिकार को सुनिश्चित रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–ग्वालियर (म. प्र.) द्वारा जारी आदेश क्रमांक : निर्वा/लोसनि24/आदेश/88/24/462, ग्वालियर, दिनांक 22 मार्च, 2024 के तहत् ''भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना क्रमांक : ECI/PN/23/2024 दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है, जिसके तहत ग्वालियर जिले में दिनांक 07 मई, 2024 को मतदान होना है।''

उपरोक्त आदेश के अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा निर्वाचन–2024 में मतदान करने का हकदार है, उसका मतदान दिनांक 07 मई, 2024 का अवकाश मंजूर किया जावेगा।

उक्तादेश ग्वालियर जिले के समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं अन्य सभी स्थापन पर लागू होगा। आदेश के उल्लंघन में संबंधित नियोक्ता/मालिक–आदेश की कंडिका–4 में वर्णित अनुसार दण्ड का भागी होगा।

# कार्यकारिणी समिति की बैठक

**दिनांक 29 मार्च,24 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-**

* मेसर्स इंजीप्रेस इण्डस्ट्रीज लि. का स्वरूप परिवर्तन कर, मेसर्स इंजीप्रेस इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. किए जाने का निर्णय लिया गया।
* समूह परिवर्तन के लिए प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर निम्नानुसार समूह परिवर्तन का निर्णय लिया गया :-

(A) मेसर्स श्री जी फोम हाऊस एण्ड जनरल स्टोर्स को समूह क्रमांक-42 (अन्य व्यवसाय) से समूह क्रमांक-39 (सिनेमा, आर्म्स कारपेट व्यवसाय) में।

(B) मेसर्स राधिका को समूह क्रमांक-37 (रेडीमेड एवं होजरी व्यवसाय) से समूह क्रमांक-2 (थोक वस्त्र व्यवसाय) में।

(C) मेसर्स आनन्द एण्ड कं. को समूह क्रमांक-20 (भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय) से समूह क्रमांक-18 (लोहा व्यवसाय) में।

(D) मेसर्स बाबा बैटरी सर्विस को समूह क्रमांक-16 (स्पेयर पार्ट्स डीलर व्यवसाय) से समूह क्र.-41 (कोयला, पेन्ट एवं सायकिल) में।

* चेम्बर की सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार कर, निम्नानुसार फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई :-

1. मेसर्स नेहा मेडीकल एजेंसीज, बड़जोड़ सिंह का बाड़ा, ग्वा.
2. मेसर्स के.आर. एजेंसीज, खासगी बाजार, लश्कर, ग्वालियर
3. होटल करतार बार एण्ड रेस्टोरेंट, हेमसिंह की परेड, लश्कर
4. मेसर्स जयदीप प्रॉडक्ट्क, बाराघाटा औद्योगिक क्षेत्र, ग्वालियर
5. मेसर्स अम्बे फूड प्रॉडक्ट्स, महाराजपुरा, पिन्टोपार्क, ग्वालियर
6. मेसर्स नेहा पैकर्स, महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र, ग्वालियर
7. मेसर्स माँ कैलादेवी जी फूडटैक इंडिया प्रा.लि., पिन्टोपार्क
8. मेसर्स पापूलर सीट इण्डस्ट्रीज, शिन्दे की छावनी, ग्वालियर
9. मेसर्स सिंघल एण्ड संस, मोर बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
10. मेसर्स फ त्रूमल फोदलमल, गंज गेट, सदर बाजार, मुरार.
11. मेसर्स शर्मा फायनेंस, घोसी बाड़ा, दानाओली, ग्वालियर
12. मेसर्स स्मार्ट कन्ट्रोल इंडिया लि., व्हीआईपी गेस्ट हाउस के पास, मुरार.
13. मेसर्स ग्वालियर बायो फ्युल्स, कुदालकर की गोठ, कम्पू.
14. मेसर्स बालाजी पोली इण्डस्ट्री, फालका बाजार, लश्कर.
15. मेसर्स स्टील को., बाराघाटा औद्योगिक क्षेत्र, ग्वालियर.
16. मेसर्स सांवरिया सेठ एडवरटाईजर्स, ज्येन्द्रगंज, लश्कर.
17. मेसर्स सत्यम सौल्यूशन लि., लक्ष्मीपुरम, यातायात नगर.
18. मे. एसबीएनएक्स इनोवेशन (ओपीसी) प्रा.लि., बिरलानगर
19. मेसर्स राम मेडिको, एम. एस. रोड, मुरैना.
20. मेसर्स जिन्दल ट्रेडिंग कम्पनी, दाल बाजार, ग्वालियर
21. मेसर्स कान्हा ट्रेडिंग कम्पनी, दाल बाजार, ग्वालियर
22. मे. प्रहलाददास लक्ष्मणदास एंड संस, दौलतगंज, ग्वालियर
23. मेसर्स अग्रवाल एंड ब्रदर्स, लोहिया बाजार, लश्कर, ग्वालियर
24. मेसर्स अवनी ट्रेडर्स, वृन्दावन प्लाजा, दाल बाजार, लश्कर
25. मेसर्स जय बाबा ट्रेडर्स, 7 नं. चौराहा, मुरार, ग्वालियर.
26. मेसर्स खुशी गारमेंट्स, बाबूराव का बाड़ा, तारागंज, लश्कर
27. मेसर्स जैन संस, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
28. मेसर्स तान्या किराना स्टोर्स, चार शहर का नाका, ग्वालियर
29. मे. व्हाय.जे. ऑटोमोबाइल्स प्रा.लि., लक्ष्मीपुरम्, ग्वालियर
30. मेसर्स शिवानी फैब्रिकेशन, बालाबाई का बाजार, ग्वालियर
31. मेसर्स सांई कृपा डिजाईनर हाउस, छुटमल की बजरिया.
32. मे. अमर इण्डस्ट्रीज, महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र, ग्वा.
33. मेसर्स उन्नति ट्रेडर्स, फालका बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
34. मेसर्स आर.एस. इन्टरप्राईजेज, कम्पू, लश्कर, ग्वालियर
35. मेसर्स कृष्णा सूट कलेक्शन, फोर्ट रोड, हजीरा, ग्वालियर
36. मेसर्स श्री विहारी स्टील, शारदा बिहार, सिटी सेन्टर, ग्वा.
37. मेसर्स संजय एण्ड ब्रदर्स, महावीर गंज, मुरार, ग्वालियर.
38. मेसर्स मयूर मेडीकल एजेंसीज, हुजरात रोड, लश्कर.
39. मेसर्स मीरा मेडीकल स्टोर, हनुमान चौराहा, लश्कर, ग्वा.
40. मेसर्स गुनगुन साईकल स्टोर, माल रोड, मुरार, ग्वालियर.
41. मेसर्स गुनगुन सेल्स कारपोरेशन, हनुमान चौराहा, लश्कर
42. मेसर्स ग्वाला मेडीकल स्टोर्स, पड़ाव थाने के सामने, पड़ाव
43. मेसर्स अंशिका ट्रेडिंग कं., दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
44. मेसर्स शीला संस, भिण्ड रोड, ग्वालियर.
45. मेसर्स गोयल टाइल्स, डी-65, विजया नगर, ग्वालियर.
46. मे. अंकित क्रियेशन, नाहरखाना गश्त का ताजिया, लश्कर
47. मेसर्स आर. सी. ज्वेलर्स, इटावा रोड, भिण्ड
48. मेसर्स ओम महाबल एण्ड संस, दाल बाजार, ग्वालियर
49. मेसर्स जे. जे. न्यूमेटिक स्पेयर्स, ज्येन्द्रगंज, लश्कर, ग्वा.
50. मेसर्स लक्ष्मी मुकेन्द फ्युल स्टेशन, झाँसी रोड, ग्वालियर
51. मेसर्स जे. के. इण्डस्ट्रीज, बिरला नगर, ग्वालियर
52. मे. एच. बी. प्लास्टिक कारपोरेशन, बिरला नगर, ग्वालियर
53. मेसर्स वीरेन्द्र जैन लेपटॉप एण्ड मोबाइल गैलरी, जयेन्द्रगंज
54. मेसर्स अग्रसेन पेन्ट्स एण्ड केमिकल्स, चन्द्र नगर, ग्वालियर

55. मेसर्स अग्रवाल मेटल स्टोर्स, सदर बाजार, सेवढ़ा, दतिया
56. मेसर्स लवेश फूड प्रॉडक्ट्स, विनय नगर, ग्वालियर
57. मेसर्स एस. जी. इन्फ्रा., ए. बी. रोड, गोल पहाड़िया, ग्वा.
58. मे. महेश्वर रोलिंग मिल्स प्रा.लि., औद्योगिक क्षेत्र, बानमौर
59. मे. मीनू ट्रेडिंग कं., सी-707, केशर अपार्टमेंट, ग्वालियर
60. मेसर्स सनराईस सिस्टम्स, गणपति प्लाजा, सिटी सेंटर.
61. मेसर्स गोविन्द मेडीकल स्टोर, गोला का मंदिर, ग्वालियर
62. मे. राजावत स्टोन इण्डस्ट्रीज, गणेश मंदिर के पास, बहौड़ापुर
63. मेसर्स महावीर इण्डस्ट्रीज, गणेश मंदिर के पास, बहौड़ापुर
64. मेसर्स सेवन स्टोन्स जैमफील्डस प्रा.लि. सिटी सेंटर, ग्वा.
65. मेसर्स श्री हरि ट्रेडर्स, मैनावाली गली, दाल बाजार, ग्वा.
66. मे. ए. बंसल एण्ड संस (एचयूएफ), कैलाश टॉकीज के पास
67. मेसर्स वाशदेव ईश्वरदास, मैनावाली गली, दाल बाजार.
68. मे. आशा इन्टरप्राइजेज, रामदास घाटी, शिन्दे की छावनी
69. मेसर्स सेनेटरी वर्ल्ड, 203-ए, प्रमिला प्लाजा, थाटीपुर
70. मेसर्स सांई दीप मेडीकल स्टोर, हरीशंकरपुरम, ग्वालियर
71. मेसर्स आर.आर. बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, तानसेन नगर.
72. मेसर्स न्यू बंसल पेठा भण्डार, दानाओली, लश्कर, ग्वालियर
73. मेसर्स प्यारेलाल जितेन्द्र कुमार, जीवाजीगंज, लश्कर.
74. मेसर्स जैनम ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर
75. मेसर्स खण्डेलवाल इन्टरप्राईजेज, आनंद नगर, बहौड़ापुर
76. मेसर्स म. प्र. सौर्य ऊर्जा सोल्यूशन, दाल बाजार, लश्कर.
77. मेसर्स खण्डेलवाल मोटर्स, आनन्द नगर, बहौड़ापुर, ग्वा.
78. मेसर्स सुभाषचन्द दीपक कुमार, अस्पताल रोड, ग्वालियर
79. मेसर्स श्री बद्रीनाथ ट्रेडर्स, अलंकार के पास, दाल बाजार.
80. मेसर्स श्री अम्बे ट्रेडर्स, नया बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
81. मेसर्स एंडस ग्रीन फ्यूल, रामबाग कॉलोनी, शिन्दे की छावनी
82. मेसर्स अंकित रेडीमेड, बालाबाई का बाजार, लश्कर, ग्वा.
83. मेसर्स अनुज ट्रेडर्स, दही मण्डी, दौलतगंज, लश्कर, ग्वा.
84. मेसर्स लक्ष्य ऑटो सेल्स कारपोरेशन, सिटी सेंटर, ग्वालियर
85. मेसर्स रावत स्टील, रावत मार्केट, लोहिया बाजार, ग्वालियर
86. मेसर्स केदारनाथ नरेश कुमार, दाल बाजार, लश्कर, ग्वा.
87. मेसर्स कालिन्द्री फिलिंग स्टेशन, गोकुलपुर चक, ए.बी.रोड
88. मेसर्स भवानी फिलिंग स्टेशन, गोकुलपुर चक, ए. बी. रोड
89. मेसर्स दर्शन ज्वेलर्स, कालीचरन मोहनलाल सर्राफ, एचयूएफ
90. मेसर्स श्री बालाजी सेल्स, मैना वाली गली, दाल बाजार.
91. मेसर्स श्याम ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
92. मेसर्स जेएमडी ड्रग हाउस, बालाबाई का बाजार, लश्कर.
93. मेसर्स समाधिया हाईवे सर्विस, समाधिया भवन, छत्री बाजार
94. मेसर्स माँ कैलादेवी इन्टरप्राईजेज, दाल बाजार, लश्कर.
95. मेसर्स श्री पारसनाथ ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर
96. मेसर्स खुशी इन्टरप्राईजेज, विजय नगर, चेतकपुरी, ग्वा.
97. मेसर्स वेदांशी इन्टरप्राईजेज, ए-350, आनन्द नगर, ग्वा.
98. मेसर्स वैष्णो इन्टरप्राईजेज, विजया नगर, ग्वालियर
99. मे. सम्यक ज्वेलर्स, लड्डूवाला कॉम्पलेक्स, सराफा बाजार
100. मेसर्स अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज, बिरला नगर औद्योगिक क्षेत्र.
101. मे. ठाकुर इलेक्ट्रीकल इण्डस्ट्रीज, बड़ागाँव हाईवे, मुरार
102. मेसर्स कमल एंड ब्रदर्स, प्यारेलाल का बाड़ा, दाल बाजार
103. मे. रुद्रांश सेल्स एजेन्सी, आदर्श मिल कॉलोनी, बहौड़ापुर
104. मेसर्स राज स्टील इण्डस्ट्रीज, बाराघाटा इण्डस्ट्रीज एरिया
105. मेसर्स एन. आर. इण्डस्ट्रीज, बाराघाटा इण्डस्ट्रीज एरिया
106. मेसर्स रोम कम्प्यूटर एकाउन्ट्स प्रा. लि., नया बाजार.
107. मेसर्स सालासर गोल्ड, दुर्गा मार्केट, टोपी बाजार, लश्कर
108. मेसर्स राजश्री डीजल, एस-4, 1/47, यातायात नगर
109. मेसर्स बांके बिहारी ट्रेडर्स, सिकन्दर कम्पू, लश्कर, ग्वा.
110. मेसर्स एडविका इन्टरप्राईजेज, डी. डी. नगर, ग्वालियर
111. मेसर्स गुरुकृपा टेक्नीकल, जीवाजीगंज, लश्कर, ग्वालियर
112. मेसर्स के. एस. गिरीश कुमार एण्ड कं., ग्वालियर.
113. मे. बालमुकुन्द प्रहलाददास सर्राफ, टोपी बाजार, लश्कर
114. मेसर्स राहुल ज्वेलर्स, गंगामाई संतर, मुरार, ग्वालियर.
115. मेसर्स चड्ढा साड़ी सेन्टर, दही मण्डी, लश्कर, ग्वालियर
116. मेसर्स हिमांशु साड़ी सेन्टर, दही मण्डी, लश्कर, ग्वालियर
117. मेसर्स विनायक अपेरल्स, लड्डूवाली गली, दर्जीओली
118. मेसर्स योगेश ट्रेडर्स, दर्जीओली, लश्कर, ग्वालियर.
119. मेसर्स श्रीनाथ गारमेंट्स, नारंगीबाई का मंदिर, माधवगंज
120. मेसर्स पवन रेडीमेड, लड्डूवाली गली, दर्जीओली, लश्कर
121. मेसर्स लक्ष्मणदास सुभाषचन्द जैन सर्राफ, चौक बाजार.
122. मेसर्स शुभ ट्रेडर्स, लड्डूवाली गली, दर्जीओली, लश्कर.
123. मेसर्स अग्रवाल कलेक्शन, नजरबाग मार्केट, ग्वालियर
124. मेसर्स वृन्दावन प्लायवुड हब, पाटनकर बाजार चौराहा.

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# ग्वालियर से हवाई सेवाओं का बदला समय, 01 अप्रैल से 26 अक्टूबर तक के लिए

# समर शेड्यूल जारी

| DAYS | S.No. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 3 | Akasa Air | QP1781 | B737 | AMD - GWL | 13:00 | QP1108 | GWL -AMD | 13:35 |
| | 4 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 5 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| TUESDAYS | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | Air india Express | IX1949 | 7M8 | HYD - GWL | 11:25 | IX1957 | GWL-HYD | 11:55 |
| | 3 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 4 | Akasa Air | QP1147 | B737 | BOM - GWL | 13:00 | QP1148 | GWL -BOM | 13:40 |
| | 5 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 6 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| WEDNESDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 3 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 4 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| | 5 | Alliance Air | ATR 72 | 9I621 | IDR-GWL | 15:30 | 9I622 | GWL-IDR | 15:55 |
| THURSDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | Air india Express | IX1949 | 7M8 | HYD - GWL | 11:25 | IX1957 | GWL-HYD | 11:55 |
| | 3 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 4 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 5 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| FRIDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 3 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 4 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| SATURDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | Air india Express | IX1949 | 7M8 | HYD - GWL | 11:25 | IX1957 | GWL-HYD | 11:55 |
| | 3 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 4 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 5 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| SUNDAY | 1 | Air india Express | IX1595 | 7MB | BLR -GWL | 08:05 | IX1595 | GWL-DEL | 08:35 |
| | 2 | INDIGO | 6E-2117 | A320 | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:30 |
| | 3 | INDIGO | 6E-5276 | A320 | BOM - GWL | 14:15 | 6E-5265 | GWL - BOM | 14:50 |
| | 4 | Air india Express | IX1596 | 7M8 | DEL - GWL | 15:05 | IX1596 | GWL-BLR | 15:35 |
| | 5 | Alliance Air | ATR 72 | 9I621 | IDR-GWL | 15:30 | 9I622 | GWL-IDR | 15:55 |

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917